राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–123/2024

राजभवन में पश्चिम बंगाल दिवस का आयोजन किया गया

पटना, 20 जून, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन, बिहार के राजेन्द्र मंडप में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के तहत आयोजित पश्चिम बंगाल के स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में बंगाल का अतुलनीय योगदान रहा है। इस राज्य की वैचारिक धारा बहुत ही प्रखर और समृद्ध रही है तथा इसने पूरे भारत को चिंतन के अनेक विषय दिये हैं। बंगाल ने रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, रविन्द्र नाथ टैगोर, श्री अरविन्द, सुभाष चन्द्र बोस, जगदीश चन्द्र बोस, श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे अनेक महापुरूष दिये।

उन्होंने कहा कि भारत के सभी राज्यों में अन्य प्रदेशों के लोग रहकर पढ़ाई, नौकरी, व्यवसाय आदि करते हैं। वे उस राज्य की भाषा, बोली, संस्कृति, खान–पान आदि को अपना लेते हैं और वहाँ के विकास में योगदान देते हैं। बिहार में रहनेवाले बंगाली समुदाय के लोगों की भी इस राज्य की समृद्धि में सहभागिता है। अपनी जड़ों से जुड़े रहकर उन्होंने यहाँ की संस्कृति और परंपरा को अपनाया है। यह हमारे देशवासियों का एक–दूसरे के प्रति प्रेम और अपनापन की भावना तथा आपसी एकता का प्रतीक है। हम भारतीय हैं और हमारी राष्ट्रीयता एक है। हमें इस भाव को मजबूत करने की आवश्यकता है। इसी भावना के कारण भारत एक है और श्रेष्ठ है। यही विशेषता भारत को समृद्ध बनाती है।

राज्यपाल ने कार्यक्रम में भारतमाता के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल की संस्कृति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के माननीय राज्यपाल श्री सी०वी० आनंद बोस के वीडियो संदेश का प्रसारण किया गया।

कार्यक्रम को पटना उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री बिबेक चौधरी, महावीर कैंसर संस्थान, पटना के निदेशक डॉ० विश्वजीत सान्याल एवं बिहारी बंगाली एशोसियेशन के महासचिव श्री विद्युत पाल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, बिहार में पदस्थापित पश्चिम बंगाल के पदाधिकारीगण एवं उनके परिजन, बिहारी बंगाली एशोसियेशन के अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारीगण, बिहार में रहकर पढ़ाई करनेवाले पश्चिम बंगाल के छात्र–छात्राएँ, बिहार में रह रहे पश्चिम बंगाल के महानुभावगण एवं उनके परिजन, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण व कर्मीगण तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

....